<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>वैटेनरी छात्रा डा. प्रियंका का विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन में चयन हुआ</u>

पन्तनगर। 22 अगस्त 2024। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा डा. प्रियंका खड़कवाल का विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन में जुनोटिक रोग विशेषज्ञ के पद पर चयन हुआ। डा. प्रियंका पशुचिकित्सा महाविद्यालय से वर्ष 2019 में स्नातक एवं 2021 में रॉयल वैटेनरी कॉलेज लंदन से पशु सार्वजनिक स्वास्थ्य विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। डा. प्रियंका खाद्य एवं कृषि संगठन इंडिया टीम की तकनीकी प्रबंधन गतिविधियां की तैयारी, कार्यशाला अवधारणा नोट्स और कार्यवाही सहित तकनीकी ब्रीफिंग दस्तावेज की समीक्षा में समर्थन, राष्ट्रीय महामारी विज्ञान क्षमता और विकास में सहायता, महामारी विज्ञान के तरीकों, रोग की पहचान के लिए निगरानी करने में सहायता आदि के साथ–साथ भारत के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञ तकनीकी कार्यक्रम की तैयारी में सहायता करेंगीं। इसके साथ–साथ महामारी निधि, फ्लेमिंग फंड परियोजनाएं और आवश्यकता के अनुसार काई अन्य ईसीटीएडी कार्यक्रम जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्या जूनोटिक निगरानी, रोग की चेतावनी प्रणाली, रोग नियंत्रण, अनुसंधान मूल्यांकन और नीति विकास, वन हेल्थ, एवियन इन्फ्लूएंजा सहित अन्य उभरते और जूनोटिक रोग के खतरों से सम्बन्धित कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है। डा. प्रियंका को खाद्य एवं कृषि संगठन के द्वारा रू. 18 लाख प्रति वर्ष दिया जायेगा। छात्रा के इस उपलब्धि पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता डा. ऐ.एच. अहमद, महाविद्यालय प्लेसमेंट काउन्सलर डा. राजीव रंजन कुमार, डा. एस.सी. त्रिपाठी डा. ए.के. उपाध्याय, डा. जे.एल. सिंह आदि एवं अन्य सभी संकाय सदस्यों ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

डा. प्रियंका खड़कवाल।

निदेशक संचार